आज का मौसम
अधिकतम 37° C
न्यूनतम 29° C
सूर्य अस्त (आज) 7:24
सूर्य उदय (कल) 5:26

दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 282 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8
मंगलवार 30 जून 2026
RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

**अनमोल वचन**

"दुनियां उनसे आकर्षित होती हैं जिनका शरीर सुंदर होता है परंतु भगवान उनसे मिलते हैं जिनकी आत्मा सुंदर (पवित्र) होती है।"

# दूसरे रक्षा अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रदान किए वीरता पुरस्कार



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित दूसरे रक्षा अलंकरण समारोह में वीरता पुरस्कार प्रदान किए। एयर मार्शल तरुण चौधरी, लेफ्टिनेंट जनरल नीरज वार्ष्णेय, लेफ्टिनेंट जनरल विकास रोहेला, लेफ्टिनेंट जनरल हरबिंदर सिंह वंद्रा और लेफ्टिनेंट जनरल मोहिंदर पाल सिंह को अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, अन्य केंद्रीय मंत्री और सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। ये पुरस्कार सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के कर्मियों द्वारा असाधारण वीरता के कार्यों को मान्यता देने के लिए दिए जाते हैं। ये पुरस्कार जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और देश की सीमाओं पर आतंकवाद, उग्रवाद और शत्रुतापूर्ण खतरों के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई को दर्शाते हैं, साथ ही विमानन, समुद्री अभियानों और मानवीय मिशनों में असाधारण साहस के कार्यों को भी मान्यता देते हैं।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ को वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन जारी किया



नई दिल्ली(एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में डीआरडीओ को वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन डीएफपी 2026 जारी किया। रणनीतिक अनुसंधान और विकास परियोजनाओं की दक्षता, जवाबदेही तथा समयबद्ध क्रियान्वयन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण सुधार है।

इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि डीएफपी-2026 अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र से उभरने वाली प्रणालियों, प्लेटफार्मों और प्रौद्योगिकियों के तेजी से उत्पादन और रक्षा बलों में उनके समावेश को सुगम बनाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि इससे उद्योग और शिक्षा जगत के साथ सहयोग मजबूत होगा साथ ही आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि संशोधित ढांचे से रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और रक्षा तैयारी मजबूत होगी।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि डीएफपी-2026 का उद्देश्य रक्षा विभाग के भीतर विभिन्न स्तरों पर कार्यात्मक क्षमता को बढ़ाना है। मंत्रालय ने कहा कि संशोधित ढांचे में परीक्षण अभियानों, परीक्षण और मूल्यांकन गतिविधियों के लिए समर्पित वित्तीय प्रावधान शामिल हैं।

## उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने राज्यसभा के 8 नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई शपथ



नई दिल्ली(एजेंसी)। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने आज संसद भवन में राज्यसभा के 8 नवनिर्वाचित और पुनः निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। इन सदस्यों में कर्नाटक से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और भाजपा के एम. नागराज, पंजाब से भाजपा नेता तरुण चुघ, गुजरात से मानसिंह मेरामन परमार और जितेंद्र मेघजीभाई कंजरिया, राजस्थान से डॉ. अलका सिंह, मणिपुर से अधिकारीमयूम शारदा देवी और महाराष्ट्र से एनसीपी नेता राजेंद्र हीरालाल जैन शामिल हैं।

इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त न्यूज

### वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने इटली के वायु सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल से मुलाकात की



नई दिल्ली। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने नई दिल्ली में इटली के वायु सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एंटोनियो कंजर्वा से मुलाकात की। भारतीय वायु सेना ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बैठक के दौरान दोनों वायु सेना प्रमुखों ने आपसी हित के मुद्दों और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने तथा सैन्य स्तर पर समन्वय बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

### दो दिन के आंध्र प्रदेश दौरे पर रहेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल से दो दिन के आंध्र प्रदेश के दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति कल विजयनगरम में स्थित केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति का बुधवार को अनंतपुरम स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल होने का भी कार्यक्रम है।

### सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करके देश की स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत किया: केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा

नई दिल्ली । स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि सरकार ने पहले, दूसरे और तीसरे स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करके देश की स्वास्थ्य प्रणाली को काफी मजबूत किया है। नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद के 16वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि नागरिकों और स्वास्थ्य प्रणाली के बीच संपर्क के पहले बिंदु के रूप में 1 लाख 86 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने उपचार की बेहतर निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिक और माध्यमिक स्वास्थ्य सेवाओं के बीच संबंधों को बेहतर बनाया है। श्री नड्डा ने कहा कि देश भर में 23 नए एम्स और विशेष रूप से कम सुविधा प्राप्त और पिछड़े जिलों में 157 से अधिक मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के साथ तीसरे स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूत किया गया है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

## एआईएडीएमके के विधायक एम. आर. विजयभास्कर ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा इस्तीफा



तमिलनाडु। तमिलनाडु में करूर से एआईएडीएमके विधायक एम. आर. विजयभास्कर ने सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष जे. सी. डी. प्रभाकर को अपना इस्तीफा सौंपा। संवाददाता सम्मेलन में श्री प्रभाकर ने बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा सौंपा, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। इसके साथ ही विधानसभा से इस्तीफा देने वाले एआईएडीएमके विधायकों की संख्या बढ़कर सात हो गई है।

## ओडिशा के पुरी में देवा स्नान यात्रा के अवसर पर श्री जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़



ओडिशा(एजेंसी)। ओडिशा के पुरी तीर्थ नगरी में सोमवार सुबह श्री जगन्नाथ मंदिर में देवा स्नान यात्रा के अवसर पर लाखों श्रद्धालु जुटे हैं। यह भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा का पवित्र स्नान उत्सव है। देवताओं को एक विशेष शोभायात्रा के माध्यम से स्नान बेदी तक लाया गया। जहां उन्हें 108 कलशों के पवित्र जल से स्नान कराया जाएगा। इस दौरान मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और भक्ति संगीत की गूंज सुनाई दे रही है। देव स्नान पूर्णिमा के अवसर पर होने वाला यह वार्षिक अनुष्ठान विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा से पहले महत्वपूर्ण तैयारी मानी जाती है। स्नान के बाद देवता 15 दिनों के अनासर काल में रहेंगे, जिसमें वे सार्वजनिक दर्शन से दूर रहेंगे। इस दौरान सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

## भारत और सऊदी अरब ने जल संसाधनों में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और सऊदी अरब ने जेद्दाह में आयोजित सऊदी जल सप्ताह के दौरान जल संसाधनों में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सऊदी अरब में भारत के राजदूत डॉ. सुहेल खान और सऊदी अरब के पर्यावरण, जल तथा कृषि मंत्री अब्दुल रहमान अब्दुल मोहसिन अलफदली ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इससे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य जल संसाधन नियोजन, सतत जल




प्रबंधन, सिंचाई प्रणालियों, क्षमता निर्माण और तकनीकी विशेषज्ञता एवं सर्वोत्तम पद्धतियों के आदान-प्रदान में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाना है। अधिकारियों ने कहा कि यह समझौता बढ़ती जल चुनौतियों से निपटने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जेद्दाह में भारत के महावाणिज्यदूत फहद सूरी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## यूएई और ईरान के बीच सीधी यात्री उड़ान सेवाएं फिर से शुरू

यूएई/ईरान(एजेंसी)। संयुक्त अरब अमीरात और ईरान के बीच सीधी यात्री उड़ान सेवाएं फिर से शुरू हो गई हैं। क्षेत्रीय संघर्ष के बाद से 28 फरवरी से दोनों देशों के बीच हवाई संपर्क निलंबित था। दुबई हवाई अड्डों के अनुसार ईरानी एयरलाइन फ्लाईसेपेहरान ने सोमवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और तेहरान के बीच निर्धारित उड़ान संचालित की। एयरलाइन का विमान



दिन में पहले तेहरान से दुबई पहुंचा। उड़ानों के निलंबन के बाद इस मार्ग पर ये पहली सीधी वाणिज्यिक यात्री सेवा थी। उड़ान संचालन अभी भी सीमित है, और एयरलाइंस द्वारा धीरे-धीरे निर्धारित संचालन फिर से शुरू करने के साथ सेवाएं चरणबद्ध तरीके से शुरू की जा रही हैं। ईरान का इमाम खामेएनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 9 जून को फिर से खुल गया, जिसके बाद कई एयरलाइनों ने चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर धीरे-धीरे उड़ानें फिर से शुरू कर दी हैं। कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनें अभी भी एहतियाती उपाय अपना रही हैं और सुरक्षा उपाय के रूप में क्षेत्र के कुछ हिस्सों से होकर गुजरने वाले उड़ान मार्गों को समायोजित कर रही हैं।

## अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के हवाई हमले में 36 नागरिकों की मौत, 163 घायल

अफगानिस्तान(एजेंसी)। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने कल रात अफगानिस्तान सीमा के पास हवाई हमले किए। इनमें पक्तिका और कुनार प्रांतों के इलाकों को निशाना बनाया गया। सोशल मीडिया पोस्ट में अफगान सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने कहा कि इन हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित 36 नागरिक मारे गए और 163 अन्य घायल हो गए। उन्होंने हमलों की निंदा करते हुए इसे आक्रामकता बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी जेट विमानों ने सबसे पहले पक्तिका प्रांत में एक घर पर बमबारी की, जिसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति और एक बच्चा मारा गया और परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि दूसरे हमले में घायलों को बचाने के लिए जमा हुए ग्रामीणों को निशाना बनाया गया, जिसमें 28 नागरिक मारे गए और 158 अन्य घायल हो गए। फितरत ने कहा कि एक अन्य हवाई हमले में पक्तिका प्रांत के जानी खेल जिले के



वालोश्त गांव में एक नागरिक के घर को निशाना बनाया गया, जिसमें छह लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। उन्होंने बताया कि कुनार प्रांत के मरावारा जिले के बरौल्लो गांव में एक नागरिक के घर पर भी बमबारी की गई। काबुल में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार ने इन हमलों की निंदा करते हुए इन्हें अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन बताया और पाकिस्तान पर अपने आंतरिक सुरक्षा संबंधी मुद्दों के लिए अफगानिस्तान को बलि का बकरा बनाने का आरोप लगाया।

## वेनेजुएला के भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में भारतीय सेना का फील्ड अस्पताल शुरू

वेनेजुएला(एजेंसी)। वेनेजुएला के भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में ऑपरेशन अमिस्ताद के अन्तर्गत भारतीय सेना का एक फील्ड अस्पताल पूरी तरह से चालू हो गया है। यह वेनेजुएला के लोगों को 24 घंटे मुफ्त चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है। वेनेजुएला के भारतीय दूतावास ने



बताया है कि अनुभवी डॉक्टरों की एक भारतीय चिकित्सा टीम ने काराकास के अंतर्राष्ट्रीय ला रिनकोनाडा रेसट्रैक में एक शिविर स्थापित किया है। दूतावास ने कहा कि चिकित्सा शिविर अब पूरी तरह से चालू है और सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि वेनेजुएला में ऑपरेशन अमिस्ताद जारी है। उन्होंने कहा कि सेना भूकंप से प्रभावित लोगों की मदद कर रही है। बुधवार को वेनेजुएला में 7.2 और 7.5 तीव्रता के भूकंप आए। इनमें मरने वालों की संख्या बढ़कर 1 हजार 450 हो गई है, हजारों लोग घायल हुए हैं और कई लापता हैं। भारत द्वारा वेनेजुएला को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए शुरू किए गए ऑपरेशन अमिस्ताद के अंतर्गत भारतीय वायु सेना के दो विमानों ने 66 टन राहत सामग्री पहुंचाई है।

# हरियाणा और राजस्थान ने यमुना जल परियोजना के निर्माण और कार्यान्वयन के समझौते पर हस्ताक्षर किए

जीत समाचार हरियाणा(ब्यूरों)। हरियाणा और राजस्थान सरकार ने सोमवार को नई दिल्ली में यमुना जल परियोजना के निर्माण और कार्यान्वयन के समझौते पर हस्ताक्षर किए। गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर कहा कि इस समझौते से हरियाणा और राजस्थान के लोगों की लगभग तीन दशकों से चली आ रही जल समस्या का समाधान हो गया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 'संवाद के माध्यम से समाधान' मंत्र का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने बताया कि इस समझौते के अंतर्गत जुलाई से अक्टूबर तक यमुना नहर से राजस्थान को तीन भूमिगत पाइपलाइनों के जरिए लगभग 58 करोड़ घन मीटर पानी की आपूर्ति की जाएगी। इन पाइपलाइनों से दोनों राज्यों को पेयजल उपलब्ध होगा। जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा




कि समझौते के अंतर्गत मानसून के दौरान राजस्थान के हिस्से का पानी भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से हथनीकुंड बैराज से आपूर्ति किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे चूरू, सीकर, झुंझुनू और राजस्थान के अन्य जल संकटग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का दीर्घकालिक समाधान सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




# झज्जर: दर्दनाक हादसा, बीमार भाई का हाल जानने जा रहे किसान की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

जीत समाचार झज्जर (विशेष संवाददाता)। झज्जर जिले के गांव खेड़ी खुम्मार के पास सोमवार को एक बेहद दुखद हादसा सामने आया है। रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से गांव शाहजहांपुर निवासी 53 वर्षीय कृष्णचंद्र की दर्दनाक मौत हो गई। कृष्णचंद्र अपने बीमार भाई की देखभाल के लिए अस्पताल जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

### बीमार भाई के लिए जा रहे थे अस्पताल

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक कृष्णचंद्र के भाई ओमप्रकाश शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। कृष्णचंद्र पिछले तीन दिनों से अस्पताल में रहकर अपने भाई की सेवा कर रहे थे। वह रोजाना की तरह सोमवार को भी अस्पताल के पास स्थित गांव खेड़ी खुम्मार में अपने किसी रिश्तेदार के घर खाना खाने के लिए जा रहे थे।

### रेलवे लाइन पार करते समय हुआ हादसा

बताया जा रहा है कि जैसे ही कृष्णचंद्र खेड़ी खुम्मार गांव के पास स्थित रेलवे फाटक के निकट पहुंचे और रेलवे लाइन पार



करने लगे, तभी वह अचानक ट्रेन की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने तुरंत रेलवे पुलिस को सूचित किया।

### पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया है। मामले के जांच अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि परिजनों के बयानों के आधार पर इत्तेफाकिया (दुर्घटना वश) कार्रवाई की गई है। फिलहाल पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है।

इस घटना के बाद से शाहजहांपुर और खेड़ी खुम्मार गांव में शोक की लहर है। एक व्यक्ति जो परिवार के प्रति अपना फर्ज निभाने के लिए तत्पर था, उसकी असामयिक मृत्यु से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हरियाणा में निवेश और विकास को नई गति: सीएम नायब सैनी से मिले फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीईओ, राज्य के किसानों और युवाओं के लिए बड़े अवसर

जीत समाचार हरियाणा (विशेष संवाददाता)। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से आज नई दिल्ली में फ्लिपकार्ट ग्रुप के शीर्ष नेतृत्व ने एक महत्वपूर्ण शिष्टाचार भेंट की। इस बैठक में फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीईओ श्री कल्याण कृष्णमूर्ति और चीफ कर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य हरियाणा के विकास में डिजिटल प्लेटफॉर्म की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाना था।

### किसानों और उद्यमियों को मिलेगा वैश्विक बाजार

बैठक के दौरान राज्य के कृषि क्षेत्र, एमएसएमई और स्थानीय उद्यमियों के सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा हुई। फ्लिपकार्ट ने हरियाणा के किसानों को अपनी उपज के लिए बेहतर मूल्य श्रृंखला उपलब्ध कराने और राज्य के छोटे व मध्यम उद्यमियों को अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुँचाने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।



### युवा शक्ति और कौशल विकास पर जोर

मुख्यमंत्री और फ्लिपकार्ट के अधिकारियों के बीच प्रदेश की युवा शक्ति के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर सार्थक विमर्श हुआ। कौशल विकास और तकनीक आधारित समावेशी विकास को गति देने पर भी सहमति बनी, जिससे हरियाणा के युवाओं को आधुनिक डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ जोड़ा जा सके।

### साझेदारी को मिलेगी मजबूती

फ्लिपकार्ट ग्रुप ने हरियाणा सरकार के साथ अपनी मौजूदा साझेदारी को और अधिक मजबूत करने का भरोसा दिलाया है। फ्लिपकार्ट के अधिकारियों ने कहा कि कंपनी हरियाणा के स्थानीय व्यवसायों और उद्यमियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह मुलाकात हरियाणा के आर्थिक और औद्योगिक परिदृश्य में डिजिटल क्रांति लाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है, जिससे राज्य के कृषि और औद्योगिक क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद है।

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com मंगलवार, 30 जून 2026

# सम्पादकीय

## संपादकीयः संपादक की कलम से

### शिक्षा प्रणालीः
### डिग्री की दौड़ से कौशल के सफर तक

भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है, लेकिन बेरोजगारी का दर्द भी इसी युवा वर्ग को झेलना पड़ रहा है। इसका कारण है हमारी पुरानी शिक्षा प्रणाली, जो कौशल से अधिक 'रटने' और 'डिग्री हासिल करने' पर जोर देती है।

विश्लेषणः इंडस्ट्री को ऐसे युवाओं की जरूरत है जो जटिल समस्याओं को हल कर सकें, न कि केवल किताबी ज्ञान रखने वालों की। आज की कंपनियां 'सॉफ्ट स्किल्स', तकनीकी दक्षता और 'प्रॉब्लम सॉल्विंग' कौशल को डिग्री से ऊपर मानती हैं। किताबी शिक्षा और व्यावहारिक कौशल के बीच का अंतर आज की सबसे बड़ी आर्थिक चुनौती है।

निष्कर्ष : शिक्षा को अब 'रोजगार-उन्मुख' बनाने का समय है। वोकेशनल ट्रेनिंग, इंटर्नशिप और क्रिटिकल थिंकिंग को पाठ्यक्रम के केंद्र में लाना होगा। जब तक शिक्षा का लक्ष्य सिर्फ परीक्षा पास करना रहेगा, तब तक हम एक कुशल कार्यबल तैयार नहीं कर पाएंगे।

-कमल पवार




वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिए आप सम्पर्क कर सकते हैं.
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की
जय श्री गणेश
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
दिनांक : 30 जून 2026, मंगलवार

## आज का पंचांग

तिथि : पूर्णिमा 05:29 नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा
करण : बव 05:29 बालव : 06:36
पक्ष : शुक्ल योग : ब्रह्म 03:18
सूर्योदय : 05:26 सूर्यास्त : 07:22
चन्द्रमा : धनु
राहुकाल : 03:53 – 05:38
विक्रमी संवतम् : 2083 शक सम्वत : 1948
मास अमांत : ज्येष्ठ
शुभ मुहूर्त : अभीजित 11:56 – 12:52

## आज का राशिफल

**मेष राशि**
व्यवहार कुशलता की तारीफ होगी। वस्त्र आभूषण की प्राप्ति होगी। रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। भाई बहनों से विवाद की स्थिति बन सकती है।

**वृषभ राशि**
धीमी शुरुआत के बावजूद कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यापार में विस्तार होगा। जीवन में धोखे आसानी से मिल जाते हैं

**मिथुन राशि**
सफलतादायक समय चल रहा है। संतान के कार्यों से मन दुखी होगा। आज का दिन जरूरी कार्यों को पूरा करने में व्यतीत होगा।

**कर्क राशि**
आपके निकटतम लोग ही नहीं चाहते की आप आगे बढें, सतर्क रहें और अपना काम पूरी ईमानदारी से करें। भितरघात वालो से सावधान रहें।

**सिंह राशि**
स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। विधुत उपकरण खरीदने के योग है। वाहन मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें।

**कन्या राशि**
किसी के जवाब का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नौकरी में बदलाव के योग हैं। तकनीकी के प्रयोग से विद्यार्थी सफल होंगे।

**तुला राशि**
वर्तमान समय शुभ फल देने वाला है। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। बने काम बिग? सकते है।

**वृश्चिक राशि**
छोटी-छोटी बातों पर क्रोध आना आप के लिए नुकसान दायक हो सकता है। कई दिनों से जो कार्य आप करना चाहते थे

**धनु राशि**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। अपने आगामी भविष्य को लेकर चिंतित रहेंगे। मन में कई विचार आयेंगे। व्यवसाय में उन्नति होगी

**मकर राशि**
अपनी संतान से विवाद हो सकता है। आजीविका को लेकर आप चिंतित हैं। विवाह योग्य जातकों के लिए समय उपयुक्त है।

**कुम्भ राशि**
अपने मन की बात हर किसी को बताने से नुकसान आपका ही है। सुख-सुविधा की वस्तुओं और धन खर्च होगा

**मीन राशि**
अपने चंचल स्वभाव के कारण नुकसान संभव है। अपने से बड़ो की बातों को सुने उनके अनुभव आप के लिए लाभप्रद साबित होंगे।

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# समाजसेवी एवं जीत समाचार के संपादक कमल पवार का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

जीत समाचार (अभिषेक न्यूज एडिटर)। 'जीत समाचार' के संपादक, समाजसेवी एवं 'समूह समाज संगठन' से जुड़े कमल पवार का जन्मदिन आज 29 जून को अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, पत्रकार बिरादरी और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कमल पवार लंबे समय से पत्रकारिता के माध्यम से क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर जन-आवाज बनने का कार्य कर रहे हैं। पत्रकारिता के साथ-साथ समाज सेवा में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। 'समूह समाज संगठन' के माध्यम से वे निरंतर जरूरतमंदों की सहायता और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित रहते हैं। उनके इन प्रयासों की क्षेत्र में खूब सराहना की जाती है।




जन्मदिन के मौके पर उनके शुभचिंतकों, मित्रों और साथियों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की प्रार्थना की। लोगों ने इस बात पर जोर दिया कि कमल पवार जिस निस्वार्थ भाव से जनहित के कार्यों में जुटे हैं, वह समाज के लिए प्रेरणादायक है।

इस अवसर पर बधाई स्वीकार करते हुए कमल पवार ने सभी शुभचिंतकों, सहयोगियों और मित्रों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "समाज सेवा और पत्रकारिता के माध्यम से जनता की आवाज उठाना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। मैं आगे भी इसी संकल्प के साथ निरंतर जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहूँगा।"

ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਪ੍ਰਸ਼ਾਸਨ ਬਠਿੰਡਾ
ਵੱਲੋਂ
ਸ਼ਹੀਦਾਂ ਦੇ ਸਿਰਤਾਜ
ਸ੍ਰੀ ਗੁਰੂ ਅਰਜਨ ਦੇਵ ਜੀ
ਦੀ ਲਾਸਾਨੀ ਸ਼ਹਾਦਤ ਨੂੰ ਸਮਰਪਿਤ

ਲਾਈਟ ਐਂਡ ਸਾਊਂਡ ਨਾਟਕ
ਤੱਤੀ ਤਵੀ ਦਾ ਸੱਚ
ਲੇਖਕ: ਡਾ. ਆਤਮਜੀਤ
ਨਿਰਦੇਸ਼ਕ: ਸੰਗੀਤਾ ਗੁਪਤਾ
ਪੇਸ਼ਕਸ਼: ਰੂਪਕ ਕਲਾ ਤੇ ਵੈਲਫੇਅਰ ਸੁਸਾਇਟੀ
ਮਿਤੀ : 30 ਜੂਨ, 2026, ਸਮਾਂ : ਸ਼ਾਮ 7.00 ਵਜੇ
ਸਥਾਨ: ਬਲਵੰਤ ਗਾਰਗੀ ਆਡੀਟੋਰੀਅਮ, ਬਠਿੰਡਾ
ਸਭਨਾਂ ਨੂੰ ਹਾਰਦਿਕ ਸੱਦਾ ਹੈ ਜੀ।

# बरनाला जिले के 25 गांवों में पहले फेज में जिम बनाए गए: मीत हेयर

जीत समाचार बरनाला।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने करोड़ों रुपये की लागत से गांवों में खेल के मैदान बनाए हैं, वहीं गांवों में जिम भी दिए गए हैं ताकि हमारी युवा पीढ़ी नशा मुक्त और सेहतमंद रहे। यह बात लोकसभा सदस्य संगरूर श्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने गांव भूरे में जिम के उद्घाटन के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान ने कल राज्य में 500 ग्रामीण जिम लोगों को समर्पित किए, जिनमें से पहले फेज में बरनाला जिले के 25 गांवों में मॉडर्न जिम लोगों को समर्पित किए गए हैं, जिसमें बरनाला विधानसभा क्षेत्र के 11 गांव शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इनमें भैणी मेहराज, झलूर, हरिगढ़, डांगढ़, पट्टी सेखवां, उपली, सेखा, नंगल, भूरे, बडबर, भट्ठलां, नाईवाल, गिल पट्टी मौड़, उगोके, सुखपुरा, मेहता, जंगियाना, बदरा, अलकारा, पंधेर, असपाल कलां, भैणी जस्सा, रूरके कलां, पिरथा पट्टी धूरकोट, धौला गांव शामिल हैं, जहां पहले चरण में जिम उपलब्ध कराए गए हैं। इन जिम में बहुत ही उच्च गुणवत्ता वाले समय उपलब्ध कराए गए हैं, जिसमें बारबेल और वेट सेट, डंबल सेट, बेंच सेट, रैक सेट, फ्लोर मैट, केटल बेल सेट उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा जिले में 25 करोड़ रुपये की लागत से 94 खेल मैदान बनाने का लक्ष्य है, जिनमें से 15 खेल मैदान पूरे हो चुके हैं और बाकी पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि मान सरकार ने पिछली सरकारों की तुलना में सबसे ज्यादा खेल बजट रखा है। 1,791 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्पोर्ट्स बजट की मदद से, राज्य सरकार पूरे पंजाब में 3,000 मॉडर्न ग्रामीण जिम बना रही है और 3,100 खेल के मैदान बना रही है। उन्होंने कहा कि ये ग्रामीण जिम युवाओं के लिए एक हेल्दी और अच्छे भविष्य की नींव हैं और युवाओं को




ड्रग्स से दूर और हेल्दी रखने की कोशिश हैं। इस बीच, एमएलए भदौर स. लाभ सिंह उग्गोके की तरफ से मार्केट कमेटी के चेयरमैन अमृत ढिलवां ने गांव बदरा में ग्रामीण जिम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि एमएलए लाभ सिंह उग्गोके की लीडरशिप में पहले फेज में भदौर विधानसभा क्षेत्र के 13 गांवों को जिम दिए गए हैं, जिससे युवाओं को ड्रग्स से दूर रखने और उन्हें हेल्दी बनाने की कोशिशों को बढ़ावा मिलेगा।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए सीएम भगवंत मान सख्त:
# 'युवा पीढ़ी को बचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता'

जीत समाचार बठिंडा।
पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य में नशे के खिलाफ चल रहे निर्णायक युद्ध की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जब तक राज्य पूरी तरह नशा मुक्त नहीं हो जाता, तब तक यह अभियान और अधिक आक्रामक गति से जारी रहेगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी डीसी, पुलिस कमिश्नरों और एसएसपी के साथ आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में सीएम ने स्पष्ट किया कि नशा तस्करों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी।

सप्लाई लाइन पर प्रहार, बड़े तस्कर सलाखों के पीछे

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि सरकार ने नशे की कमर तोड़ दी है और सप्लाई लाइन को काफी हद तक ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा, ''पंजाब की युवा पीढ़ी को नशों के दलदल से बचाना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।''

वीडीसी की सक्रियता से नशे के खिलाफ बढ़ा जन-आंदोलन

बैठक में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए कि पिछले तीन महीनों में 'विलेज डिफेंस कमेटियों' द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ **13,000** से अधिक शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। मुख्यमंत्री ने इन समितियों की मासिक बैठकें अनिवार्य कर दी हैं और निर्देश दिए हैं कि सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाए। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ यह लड़ाई पुलिस और समाज का एक संयुक्त मोर्चा है।



नशा मुक्ति केंद्रों की क्षमता में तीन गुना वृद्धि

मुख्यमंत्री ने बताया कि नशा पीड़ितों के लिए सरकार ने पुख्ता इंतजाम किए हैं।

बेड क्षमता में इजाफा: सरकारी केंद्रों में बेड की संख्या **1,500** से बढ़ाकर **5,000** की गई।

ओटी केंद्रों का विस्तार: ओपिओइड सब्स्टीट्यूशन थेरेपी (ओटी) केंद्रों की संख्या **529** से बढ़ाकर **565** की गई।

सुविधाओं का आधुनिकीकरणरू नशा मुक्ति केंद्रों में दवाओं और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

'सूरमा' पहल: नशामुक्त युवा बनेंगे समाज के प्रेरक दूत

सीएम ने 'सूरमा' पहल की घोषणा की, जिसके तहत जो व्यक्ति दो वर्ष से अधिक समय से नशामुक्त हैं, उन्हें 'सूरमा' के रूप में सम्मानित किया जाएगा। ये 'सूरमा' समाज में नशा मुक्ति के ब्रांड एंबेसडर बनकर अन्य युवाओं को प्रेरित करेंगे।

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि पुलिस और जनता का तालमेल पंजाब को जल्द ही 'नशा मुक्त' बनाएगा। उन्होंने अधिकारियों से युवाओं की ऊर्जा को खेल और सकारात्मक दिशा में मोड़ने के लिए जमीनी स्तर पर नई पहल करने का आह्वान किया।



# खदराला मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करवाने के होंगे विशेष प्रयास – विक्रमादित्य सिंह




जीत समाचार शिमला(ब्यूरों)। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि खदराला मार्ग ऐतिहासिक महत्व का मार्ग है, जिसे भविष्य में राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करवाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस विषय को केंद्र सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह आज खदराला में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्ष 1962 से पूर्व यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग था, जिसे बाद में राज्य राजमार्ग का दर्जा दिया गया। उन्होंने बताया कि बाघी क्षेत्र के लोगों द्वारा भी इस मार्ग को पुनः राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग उठाई गई है। पर्यटन एवं क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से इस मार्ग का विशेष महत्व है, इसलिए इस विषय को केंद्र सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही क्षेत्र की सभी पंचायतों का व्यापक दौरा किया जाएगा तथा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विकास कार्यों को और अधिक गति प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुंगरी मार्ग के सुधार एवं मेटलिंग कार्य के लिए 1.50 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है तथा कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के अन्य संपर्क मार्गों पर भी विकास कार्य किए जा रहे हैं। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि खदराला के ऐतिहासिक महत्व को पुनः स्थापित करने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चाहे सेब एवं आलू उत्पादन की बात हो या पर्यटन विकास, हर क्षेत्र में खदराला की पहचान को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बेहतर सड़क संपर्क सुविधा सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह ने इस क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके प्रयासों से क्षेत्र में विद्यालय, अस्पताल सहित अनेक आधारभूत सुविधाएं विकसित हुई हैं। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी विकास संबंधी कमियां शेष हैं, उन्हें भी चरणबद्ध ढंग से दूर किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए युवाओं से खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा देश एवं प्रदेश का भविष्य हैं तथा स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए युवाओं का स्वस्थ एवं जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से नशे, विशेषकर चिट्टा जैसी घातक प्रवृत्तियों से दूर रहने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर रोहड़ू के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा भी उपस्थित रहे। उन्होंने वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी तथा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विकासात्मक एवं जनहित के मुद्दों को लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री के समक्ष रखा।

जिला प्रशासन, मण्डी

सतर्क रहें - सुरक्षित रहें !

Alert !

Monday, 29 June, 2026
Time: 8:30 PM

## जरुरी सूचना !

सभी नागरिकों एवं पर्यटकों को सूचित किया जाता है कि पंडोह डैम से निचले इलाकों (Downstream) की ओर 13,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इसके कारण ब्यास नदी का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है।

कृपया नदी के किनारे न जाएं। अपने मवेशियों और बच्चों को नदी से दूर रखें।

किसी भी आपातकाल की स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,
ज़िला प्रशासन मंडी को इन नंबरों पर सूचित करे : 01905-226201, 226202, 226203, 226204
आपातकालीन हेल्पलाइन दूरभाष नंबर - 1077 (टोल फ्री)

जारीकर्ता : उपायुक्त मंडी, ज़िला मंडी, हिमाचल प्रदेश द्वारा जनहित में जारी

# जनहित सूचनाः चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा गैस सिलेंडर वितरण

जीत समाचार चढ़ियार(रवि कुमार)। चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा अपने उपभोक्ताओं के लिए गैस सिलेंडर वितरण की नई समय-सारणी जारी कर दी गई है। दिनांक 30 जून 2026 (मंगलवार) को क्षेत्र के विभिन्न गांवों में गैस सिलेंडर वितरित किए जाएंगे।

वितरण क्षेत्रों की सूची।
एजेंसी के अनुसार, निम्नलिखित स्थानों पर गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी की जाएगी।
नोहरा, चकोल, घाड, बही, सकरी, बाबा काठक, भराड़ी, रैनावाड़ी, गाड़ियारा, गांधीग्राम, पहलून, जमरेला, महालपट, सुकारना, शीतला चौक, हाड़ी, महाकाल लिंक रोड (जहाँ छोटा ऑटो जाता है) थारा लिंक रोड (जहाँ छोटा ऑटो जाता है)।

कार्यालय से भी मिलेगी सुविधा
उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए, एजेंसी के कार्यालय में भी गैस सिलेंडर उपलब्ध रहेंगे। जो उपभोक्ता निर्धारित क्षेत्रों में नहीं आते या समय पर घर पर उपलब्ध नहीं हैं, वे कार्यालय से अपना सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं।

संपर्क और सहायता
किसी भी प्रकार की शिकायत, सुझाव या अन्य जानकारी के लिए उपभोक्ता कार्यालय समय (प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक) के दौरान निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।
संपर्क सूत्रः 01894–257444, 01894–257666
विशेष नोटः सरकारी नियमों के अनुसार, एलपीजी सब्सिडी और निर्बाध सेवाओं के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य है। यदि आपने अभी तक अपना ई-केवाईसी नहीं करवाया है, तो जल्द से जल्द इसे पूरा कर लें ताकि भविष्य में गैस वितरण में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# उपायुक्त ने नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई



जीत समाचार मंडी। नगर निगम मंडी के महापौर (मेयर) एवं उप महापौर (डिप्टी मेयर) पदों के लिए सोमवार को नगर निगम कार्यालय, मंडी के सभागार में निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। दोनों पदों के लिए एक-एक नामांकन प्राप्त होने के कारण सुमन ठाकुर को महापौर तथा जितेंद्र शर्मा को उप महापौर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया की अध्यक्षता उपायुक्त एवं प्राधिकृत अधिकारी अपूर्व देवगन ने की। इस अवसर पर नगर निगम मंडी के सभी 14 नवनिर्वाचित पार्षद उपस्थित रहे। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार महापौर पद के लिए वार्ड नम्बर नौ पैलेस दो से सुमन ठाकुर तथा उप महापौर पद के लिए वार्ड नम्बर ग्यारह समखेतर से जितेंद्र शर्मा ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। दोनों पदों के लिए अन्य कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ, जिसके चलते प्राधिकृत अधिकारी ने दोनों को क्रमशः महापौर एवं उप महापौर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इससे पहले उपायुक्त एवं प्राधिकृत अधिकारी अपूर्व देवगन ने नगर निगम के सभी 14 नवनिर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने नवनिर्वाचित महापौर, उप महापौर तथा सभी पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि नगर निगम मंडी जनहित, पारदर्शिता एवं विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शहर के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नगर निगम के आयुक्त रोहित राठौर ने बैठक का संचालन किया। इस अवसर पर सदर के विधायक अनिल शर्मा, बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी, द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, नगर निगम के सहायक आयुक्त विजय कुमार सहित नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की




## पालमपुर नगर निगम की नई कार्यकारिणी का गठन: विधायक आशीष बुटेल ने दी बधाई, विकास को नई गति देने का किया आह्वान

जीत समाचार पालमपुर(अभिषेक)। पालमपुर नगर निगम की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन हो गया है। इस अवसर पर पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष बुटेल ने नवनिर्वाचित महापौर राधा सूद, उपमहापौर नीलम मलिक और सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



**समन्वय और विकास पर जोर**

विधायक आशीष बुटेल ने विश्वास जताया कि नवगठित कार्यकारिणी आपसी समन्वय और जनहित की भावना को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि नई टीम पालमपुर नगर के समग्र और संतुलित विकास को नई गति प्रदान करने में सफल होगी। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि नगर निगम की सशक्त और सक्रिय कार्यप्रणाली से न केवल शहर में मूलभूत सुविधाओं में सुधार होगा, बल्कि विकास कार्यों की गति में भी तेजी आएगी।

**लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती**

शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विधायक ने कहा कि ये निकाय हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण इकाइयां हैं। इन्हीं के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुँचाया जा सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पालमपुर नगर निगम राज्य सरकार की जनहितैषी नीतियों को धरातल पर उतारने में सकारात्मक भूमिका निभाएगा और शहरवासियों की आकांक्षाओं पर खरा उतरेगा।

**स्वच्छ और आदर्श नगर का संकल्प**

अंत में, विधायक आशीष बुटेल ने सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे विकास, पारदर्शिता और जनसेवा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाए रखें। उन्होंने पालमपुर को एक स्वच्छ, सुंदर और आदर्श नगर बनाने के लिए पूरी टीम को एकजुट होकर काम करने के लिए प्रेरित किया।

## कांगड़ा: ट्रेन की चपेट में आने से 40 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत, दो मासूमों के सिर से उठा पिता का साया

जीत समाचार कांगड़ा/नूरपुर(ब्यूरों)। कांगड़ा जिले के नूरपुर क्षेत्र के बासा बजीरां में रविवार रात एक हृदयविदारक रेल हादसे में 40 वर्षीय अंकुश भंडारी की मौत हो गई। जोगिन्द्रनगर-पठानकोट रेल मार्ग पर हुए इस हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

**पटरी पार करते समय हुआ हादसा**

मिली जानकारी के अनुसार, अंकुश भंडारी रात करीब 10 बजे अपने काम



से घर लौट रहे थे। इस दौरान नूरपुर स्टेशन के पास स्थित आपातकालीन क्रहसिंग पर अचानक ट्रेन के आने से वे घबरा गए। पटरी पार करते समय उनका पैर फिसल गया और इससे पहले कि वे खुद को संभाल पाते, ट्रेन की चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

इस दुखद घटना ने एक हंसते-खेलते परिवार को पूरी तरह तोड़कर रख दिया है। अंकुश अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे और पिता का निधन पहले ही हो चुका था। उनके आकस्मिक निधन से अब परिवार में बुजुर्ग मां, पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चे बेसहारा हो गए हैं। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में गम का माहौल है।

**पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा**


घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। जीआरपी कांगड़ा के हेड कांस्टेबल अजय कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामले के संबंध में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## देश के लिए सर्वोच्च बलिदान: कुटलैहड़ के वीर सपूत विशम्बर सिंह देहरादून में हुए शहीद

जीत सामाचार ऊना(ब्यूरों)। जिले के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की मलांगड़ पंचायत के सपूत और भारतीय सेना के जांबाज जवान विशम्बर सिंह जी के शहीद होने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। जवान विशम्बर सिंह देहरादून में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे, जहाँ वे कर्तव्य का पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए।

**राष्ट्र ने खोया अपना वीर योद्धा**

विशम्बर सिंह का जाना पूरे क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर कर सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी शहादत की खबर मिलते ही मलांगड़ पंचायत सहित पूरे कुटलैहड़ क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। देशवासी और उनके परिजन इस कठिन घड़ी में गहरा दुख व्यक्त कर रहे हैं।



**श्रद्धांजलि का सैलाब**

क्षेत्र के लोगों और शुभचिंतकों ने वीर शहीद को नमन करते हुए ईश्वर से उनकी दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है। सभी ने शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

राष्ट्र विशम्बर सिंह की अमूल्य सेवा और उनके सर्वोच्च बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। उनकी शहादत युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

ॐ शांति।